## आयुष्मान भारत: वय वंदना कार्ड ने हासल की बड़ी उपलब्धि

## भारत में बुजुर्ग स्वास्थ्य सेवा के लए एक नई सुबह

****

**18 नवम्बर, 2024**

नई दिल्ली...

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** ने **धन्वंतरि जयंती और आयुर्वेद दिवस (29 अक्टूबर 2024)** के अवसर पर नई दिल्ली में अ खल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में लगभग **12,850 करोड़ रुपये** की कई स्वास्थ्य क्षेत्र परियोजनाओं का उद्घाटन कया। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांतिकारी कदम के रूप में घोषणा करते हुए कहा क 70 वर्ष और उससे अ धक आयु के हर वरिष्ठ नागरिक को **अस्पतालों में निशुल्क उपचार** प्राप्त होगा। ऐसे बुजुर्गों को **आयुष्मान वय वंदना कार्ड** प्रदान कया जाएगा, जिससे उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत व्यापक स्वास्थ्य लाभ मलेंगे। इस पहल में पहले से ही अच्छी भागीदारी देखी गई है, **जिसमें 10 लाख से अ धक वरिष्ठ नागरिकों** ने **आयुष्मान वय वंदना कार्ड** के लए नामांकन कया है, जिससे योजना के तहत उन्हें मुफ्त उपचार और सहायता सुनिश्चित हुई है।




## पृष्ठभूम

वय वंदना कार्ड **आयुष्मान भारत पीएम जेएवाई** पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो स्वास्थ्य सेवा को सबके  लए सुलभ बनाने के  वचार को मजबूती देता है। **23 सतंबर, 2018** को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) की शुरूआत की थी, जो** व्यापक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के  लए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह योजना, व्यापक आयुष्मान भारत पहल का हिस्सा है, जिसने अक्षम नागरिकों को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके स्वास्थ्य सेवा को लेकर देश के दृष्टिकोण को  फर से परिभा षत  कया है। पीएम-जेएवाई योजना को **दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना** का  खताब  मला हुआ है। इसके तहत सालाना प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के व्यापक माध्य मक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती लाभ  मलता **है। इस योजना में लगभग** 55 **करोड़ लोगों को शा मल कया गया है**

जो **भारतीय आबादी का 40 प्रतिशत** हिस्सा हैं। इसमें शा मल  कए गए परिवार क्रमश: ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के  लए सामाजिक-आ र्थक जाति जनगणना, 2011 (एसईसीसी 2011) के अभाव और व्यावसायिक मानदण्डों पर आधारित हैं।






पीएम जेएवाई में सेवाओं की एक  वस्तृत श्रृंखला है जिसमें शा मल हैं:

- च कत्सा जांच, उपचार और परामर्श
- अस्पताल में भर्ती होने से पहले का खर्च
- दवाइयां और  च कत्सकीय उपभोग्य साम ग्रयां

- गैर-गहन और गहन देखभाल सेवाएं
- नैदानिक और प्रयोगशाला जांच
- च कत्सा प्रत्यारोपण सेवाएं
- आवास और भोजन सेवाएं
- उपचार की जटिलताएं
- अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 दिनों तक की देखभाल सेवाएं

परिवार के पांच सदस्यों को ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाली पहले की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (आरएसबीवाई) के वपरीत, पीएम-जेएवाई में **परिवार के आकार या उम्र पर कोई सीमा नहीं** है। योजना की यह समावेशी संरचना यह भी सुनिश्चित करती है क पहले से मौजूद बीमारियों को पहले दिन से ही शा मल कर लया जाता है जिससे रो गयों को नामांकन पर तुरंत उपचार प्राप्त करने की अनुमति मलती है।






**पीएम जेएवाई की प्रगति (17 नवंबर 2024 तक के आंकड़े)**

अपने शुभारम्भ के बाद से, पीएम-जेएवाई ने इसके कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति की है:


- **आयुष्मान कार्ड:** कुल **35,45,10,568** कार्ड बनाए गए हैं।
- **अधकृत अस्पताल में प्रवेश:** कुल मलाकर अब तक, **अस्पताल में 6,50,59,465 रोगी भर्ती हो चुके हैं,** जिसमें पछले 30 दिनों में **17,36,903 भर्तियां** और **कल ही 28,540 रोगी भर्ती** हुए।
- **पैनल में शामल अस्पताल:** वर्तमान में, **30,745** सूचीबद्ध अस्पताल हैं, जिनमें **17,084** सार्वजनिक और **13,661** निजी अस्पताल हैं।

- **अधकृत अस्पताल प्रवेश (वत्तीय):** अ धकृत भर्ती पर कुल **81,979.07 करोड़** रुपये खर्च हुए हैं, जिसमें पछले 30 दिनों में **2,314.77 करोड़** रुपये और कल **47.25 करोड़** रुपये के भर्ती हैं।

ये आंकड़े पूरे भारत में लाखों लोगों को सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में पीएम-जेएवाई की व्यापक पहुंच और प्रभाव को उजागर करते हैं।

## वय वंदना कार्ड: बुजुर्गों की देखभाल में बदलाव

पीएम-जेएवाई के एक महत्वपूर्ण वस्तार को **11 सतंबर, 2024** को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी, जिससे 70 वर्ष और उससे अ धक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा में शा मल कया जाता है। इस वस्तार का उद्देश्य **4.5 करोड़ परिवारों के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों** को लाभ पहुंचाना है। इस वस्तार के तहत, यह घोषणा की गई थी क इस आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना के लाभ उपलब्ध कराने के लए एबी पीएम - जेएवाई के अंतर्गत एक नया व शष्ट कार्ड दिया जाएगा। इस आयु वर्ग के लए एक सम र्पत **"वय वंदना कार्ड"** के शुभारम्भ के साथ जल्द ही वादा पूरा हो गया। वय वंदना कार्ड पात्र वरिष्ठ नागरिकों को अस्पताल में मुफ्त स्वास्थ्य उपचार के लए वशेष पहुंच प्रदान करेगा। यह कार्ड सबके लए है और कोई आय सीमा नहीं है, चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग या उच्च वर्ग। **आयुष्मान वय वंदना कार्ड** यह भी सुनिश्चित करेगा क बुजुर्गों का च कत्सा खर्च काफी हद तक कम हो।




**प्रगति**

70 वर्ष और उससे अ धक **आयु के 10 लाख से अधक वरिष्ठ नागरिकों** ने नए जारी कए गए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लए नामांकन कया है, जिससे उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि **29 अक्टूबर, 2024** को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्ड को जारी करने के **तीन सप्ताह के भीतर** हा सल हुई है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत लगभग **4 लाख महिलाओं ने नामांकन कया** हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुभारम्भ के बाद से, **9 करोड़ रुपये से अधक के उपचार** को अ धकृत कया गया है, जिससे **70 वर्ष और उससे अधक आयु के 4,800 से अधक वरिष्ठ नागरिकों**

**को लाभ हुआ है। इनमें 1,400 से अधक महिलाएं शामल** हैं। इन उपचारों में कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, हिप फ्रैक्चर/प्रतिस्थापन, पत्ताशय की थैली हटाने, मोतियाबिंद सर्जरी, प्रोस्टेट उच्छेदन और स्ट्रोक सहित कई बीमारियां शा मल हैं।

वय वंदना कार्ड के लए आवेदन से संबं धत अ धक जानकारी के लए कृपया यहां क्लिक करें

**समापन**

जैसे-जैसे भारत वकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, आयुष्मान वय वंदना कार्ड जैसी पहल समावेशी स्वास्थ्य सेवा के लए सरकार के समर्पण को मजबूत करती है, यह सुनिश्चित करती है क बुजुर्गों की च कत्सकीय मदद और देखभाल सम्मान के साथ की जाए। समग्र और सुलभ स्वास्थ्य समाधानों पर यह निरंतर ध्यान पीएम-जेएवाई की भू मका को देश के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की आधार शला और वश्व स्तर पर व्यापक स्वास्थ्य सेवा के लए एक मॉडल के रूप में मजबूत करता है।

**संदर्भ**

https://nha.gov.in/PM-JAY

https://dashboard.pmjay.gov.in/publicdashboard/#/

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2069388

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=2073908&reg=3&lang=1

https://x.com/pibvijayawada/status/1853748356155375698/photo/1

https://pib.gov.in/PressNoteDetails.aspx?NoteId=153181&ModuleId=3&reg=3&lang=1

***

**एमजी/केसी/एके/केके**